PATLIPUTRA UNIVERSITY
PATNA-800020

E-mail:- patliputrauniversity2018@gmail.com

Ref.no:- DSW/324/PPU/2026 Date:- 19/09/2026

इंटर्नशिप सेशन 2024-28 (सेमेस्टर-V)

इंटर्नशिप के क्रियान्वयन हेतु सूचना

महत्वपूर्ण सूचना: इंटर्नशिप से संबंधित 2025 में किए गए सभी MoU निरस्त किए जाते हैं। आगामी इंटर्नशिप कार्यक्रम (2026-27) के लिए महाविद्यालयों के बीच नए सिरे से MoU करना अनिवार्य होगा। सभी प्रधानाचार्यों से निवेदन है कि नियमित कक्षाओं में बाधा न पहुंचे, इसलिए इंटर्नशिप को आगामी छुट्टियों के दौरान आयोजित कराने को प्राथमिकता देने का प्रयास करें। सभी महाविद्यालयों में इंटर्नशिप के सुचारु एवं प्रभावी क्रियान्वयन के लिए निम्नलिखित चरण निर्धारित किए गए हैं जिनका अनुपालन सुनिश्चित किया जाना आवश्यक है।

चरण-1: इम्पैनल्ड (सूचीबद्ध) संस्थाओं की सूची:

इंटर्नशिप कराने वाली अथवा आवेदन करने वाली संस्थाओं की सूची विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध है, जो विश्वविद्यालय द्वारा इम्पैनल्ड है । इन इम्पैनल्ड संस्थाओं के साथ विश्व-विद्यालय का कोई MoU नहीं है।

चरण-2: महाविद्यालय के साथ MoU अनिवार्य:

इम्पैनल्ड (सूचीबद्ध) संस्थाएँ संबंधित महाविद्यालय के प्राचार्य एवं NEP Coordinator के सहयोग से विद्यार्थियों को इंटर्नशिप करा सकती हैं। इसके लिए इंटर्नशिप शुरू करने से पूर्व संस्था एवं संबंधित महाविद्यालय (के प्राचार्य) के बीच MoU करना अनिवार्य होगा। महाविद्यालय जिन संस्थाओं के साथ MoU करेंगे उसकी सूचना ईमेल (uginternship@ppup.ac.in) के माध्यम से पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय को अवश्य देंगी।

चरण-3: विद्यार्थियों से शुल्क लेना प्रतिबंधित:

सत्र 2024-28 की इंटर्नशिप गाइडलाइन एवं राजभवन, बिहार के दिशानिर्देशों के अनुसार, इंटर्नशिप कराने वाली कोई भी संस्था किसी विद्यार्थी से किसी भी प्रकार का शुल्क नहीं ले सकती है।

19/09/26
D.S.W.
Patliputra University
Patna

चरण-4: इंटर्नशिप प्रमाणपत्र हेतु 'सर्टिफिकेट नंबर' एवं 2,000 विद्यार्थियों की अधिकतम सीमा संबंधी दिशा-निर्देश :

पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय के पत्रांक DSW/306/PPU/2026 (दिनांक 14/09/2026) के आलोक में, इंटर्नशिप की गुणवत्ता बनाए रखने हेतु सभी सम्बद्ध संस्थाएं (विशेष परिस्थितियों को छोड़कर) अधिकतम 2,000 विद्यार्थियों को ही इंटर्नशिप करा सकती हैं। प्रमाणपत्रों की प्रामाणिकता सुनिश्चित करने के लिए, सभी संस्थाओं को प्रत्येक 'इंटर्नशिप प्रमाणपत्र' पर एक 'सर्टिफिकेट नंबर' अंकित करना अनिवार्य है।

यह नंबर विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध संस्था के 'ऑर्गेनाइजेशन यूनिक कोड' पर आधारित होगा। संस्थाएं अपने कोड के आगे स्लैश (/) लगाकर विद्यार्थियों को क्रमानुसार (0001 से 2000 तक) सर्टिफिकेट नंबर जारी करेंगी। उदाहरण: यदि संस्था का यूनिक कोड '2026/001' है, तो पहले छात्र का सर्टिफिकेट नंबर '2026/001/0001' होगा। इसी प्रकार यह क्रम अधिकतम 2000 तक ही मान्य होगा। इस निर्धारित प्रारूप और सीमा के बिना जारी किया गया कोई भी इंटर्नशिप प्रमाणपत्र वैध (Valid) नहीं माना जाएगा।

चरण-5 : पूर्व निर्गत पत्र के निर्देशों का पालन:

पत्रांक :DSW/306/PPU/2026, दिनांक 14.09.2026 में दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए इंटर्नशिप की प्रक्रिया को आगे बढ़ाना सुनिश्चित करें।

अतः सभी महाविद्यालयों के प्राचार्य एवं NEP Coordinators से अनुरोध है कि उपर्युक्त निर्देशों का पालन सुनिश्चित करें।

DSW

19/09/26

पाटलिपुत्र विश्व-विद्यालय, पटना

D.S.W.
Patliputra University
Patna